F.No. CD-11012/01/2022-Coord.
**Government of India**
**Ministry of Road Transport & Highways**
**(Coordination Section)**
Transport Bhawan, 1, Parliament Street, New Delhi - 110001

Dated the 13th June, 2022

**OFFICE MEMORANDUM**

Subject: - Monthly Summary for the Cabinet for the Month of May, 2022.

A copy of the unclassified portion of the Monthly Summary (Both English & Hindi) for the Cabinet pertaining to the Ministry of Road Transport and Highways for the month of May, 2022 is enclosed herewith for information.

Prashant Kumar

(Prashant Kumar)
Section Officer (Coordination)

Encl. As above

To,

1. All members of the Council of the Ministers
2. Deputy Chairman, NITI Aayog, Yojana Bhavan, New Delhi
3. All Members of NITI Aayog, Yojana Bhavan, New Delhi. (10 spare copies)
4. Cabinet Secretary , Rashtrapati Bhavanm New Delhi
5. All Secretaries to Government of India
6. Information Officer, PIB , Shastri Bhavan, New Delhi

# Ministry of Road Transport and Highways

**Subject: Monthly Summary for the Cabinet for the month of May, 2022.**

1. **Award and Construction of National Highways:** The Ministry has constructed 1,307 Km of National Highways up to May in 2022-23 as compared to 1,470 km constructed up to May in 2021-22. The award figure is 496 km during this month as compared to 663 Km in May previous year.
2. **Model bidding document and Model Concession Agreement**: The Ministry of Road Transport and Highways has amended the model RFP and MCA of HAM Project to allow lowest quoted Bid Project Cost (BPC) as the basis for awarding HAM Project and O&M cost to be fixed as in the EPC Projects. These changes will facilitate to bring out the bid winner immediately after opening of financial bids in a transparent manner on the lines of EPC mode of bidding. The Ministry has also amended the Model Concession Agreement of BOT (Toll) project permitting the change of ownership from existing two years to one year after commercial operation date (COD). This move will free equity/funds of construction companies for taking up other projects.
3. **Trade Certificate**: The Ministry of Road Transport & Highways, vide notification dated 05.05.2022, has proposed allowing agencies to apply for Trade Certificate and registration marks electronically for multiple types of vehicles in a single application on the VAHAN Portal, streamlining of fees, issue of trade certificate and registration marks online through portal, removal of requirement for intimation of loss or destruction of trade certificate and application for a duplicate trade certificate and also proposed to increase the validity period of trade certificate from one year to five years. Comments/suggestions have been invited from stakeholders within a period of thirty days.
4. **Motor Third Party Premium and liability Rules for the Financial Year (FY) 2022-23:** This Ministry, in consultation with Insurance Regulatory and Development Authority of India (IRDA), has notified Motor Vehicles (Third Party Insurance Base Premium and Liability) Rules, 2022 on 25.05.2022 allowing 15% discount in premium rates for Third Party Insurance Cover for Educational

Institution Buses, 50% for private car registered as vintage car, 15% for Electric vehicles and 7.5% for Hybrid Electric Vehicles. This Notification has come into force from 01st June, 2022.

5. **Decline in Road Accident**: Transport Research Wing of the Ministry has released the Report on Road Accidents, 2020 according to which the number of Road Accidents registered a significant decline in 2020 compared to 2019. The total accidents decreased on an average by 18.46 percent, the number of persons killed decreased by 12.84 per cent and the number of injuries decreased by 22.84 per cent over previous year's average

6. **Signing of MoU between NHAI with State Government of Uttar Pradesh, Uttrakhand and Bihar**: Celebrating the Azadi Ka Amrit Mahotsava (AKAM), two-day regional conference in Lucknow was held on 5-6 May under the chairmanship of Hon'ble MoS, RTH with stakeholders from Uttar Pradesh, Uttrakhand and Bihar. During the conference, MoU was signed between NHAI and State Rural Livelihood Mission, Uttar Pradesh to involve the self-help groups in taking up the plantations along the National Highways. Another MoU was signed between NHAI and AMMANN India Pvt. Ltd. Both entities have collaborated to create a talent pool of highly skilled workforce, fully trained on advanced technologies in Highway construction, rehabilitation and maintenance.

7. **Inauguration of NH Projects in Maharashtra :** Union Minister for Road Transport & Highways dedicated the Nation, 20 fully prepared Amrit Sarovars in Akola, Maharashtra, as part of Amrit Sarovar Abhiyan, with 1276 TCM water storage capacity, on 28th May, 2022. The soil, silt and other things extracted from these reservoirs will be used for NH work.

8 **Multi Modal Logistics Park at Chennai:** The SFC in its meeting held on 09.05.2022 has approved the development of a Multi Modal Logistics Park at Chennai and its External Trunk Infrastructure Connectivity as part of the Bharatmala Pariyojana at the total cost of Rs.1423.50 crore.

9. **Standing Finance Committee (SFC) meetings**: In the month of May, 2022, 3 projects of length 92.525 km and total capital cost of Rs. 3579.01 Cr. were appraised by SFC and recommended for approval.

*****

## सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**विषयः मंत्रिमंडल के लिए मई, 2022 माह का मासिक सारांश।**

1. **राष्ट्रीय राजमार्गों को सौंपना और निर्माण** : मंत्रालय ने मई 2021-22 में 1,470 किलोमीटर के निर्माण की तुलना में मई 2022-23 तक 1,307 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया है। पिछले वर्ष मई में 663 किलोमीटर की तुलना में इस महीने के दौरान सौंपा गया आंकड़ा 496 किमी है।

2. **मॉडल बोली दस्तावेज और मॉडल रियायत समझौता:** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एचएएम परियोजना के मॉडल आरएफपी और एमसीए में संशोधन किया है ताकि एचएएम परियोजना को सौंपने और ओ एंड एम लागत तय किए जाने जैसा कि ईपीसी परियोजनाओं में है, के आधार के रूप में सबसे कम लगाई गई बोली परियोजना लागत (बीपीसी) की अनुमति दी जा सके । इन परिवर्तनों से बोली को ईपीसी मोड की तर्ज पर पारदर्शी तरीके से वित्तीय बोलियां लगाने के तुरंत बाद बोली विजेता को घोषित करने में सहायता मिलेगी। मंत्रालय ने बीओटी (टोल) परियोजना के मॉडल रियायत समझौते में भी संशोधन किया है, जिसमे वाणिज्यिक संचालन तिथि (सीओडी) के बाद स्वामित्व में मौजूदा दो साल से परिवर्तन कर एक साल का करने की अनुमति है। इस कदम से अन्य परियोजनाओं को शुरू करने के लिए निर्माण कंपनियों का इक्विटी/फंड मुक्त होगा।

3. **व्यापार प्रमाणपत्र**: सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने दिनांक 05.05.2022 की अधिसूचना के माध्यम से, एजेंसियों को वाहन पोर्टल पर एक ही आवेदन में कई प्रकार के वाहनों के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से व्यापार प्रमाणपत्र और पंजीकरण चिह्नों के लिए आवेदन करने, की अनुमति देने का प्रस्ताव किया है। शुल्क को सुव्यवस्थित करना पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन व्यापार प्रमाण पत्र और पंजीकरण चिन्ह जारी करने, व्यापार प्रमाण पत्र के नुकसान या खराबी की सूचना की आवश्यकता को समाप्त करने और व्यापार प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करना और व्यापार प्रमाण पत्र की वैधता अवधि को एक वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष करने का भी प्रस्ताव है। हितधारकों से तीस दिनों की अवधि के भीतर टिप्पणियां/सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

4. **वित्तीय वर्ष (वित्त वर्ष) 2022-23 के लिए मोटर पर पक्षकार प्रीमियम और देयता नियम:** इस मंत्रालय ने 25.05.2022 को भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) के परामर्श से मोटर वाहन (पर पक्षकार बीमा बेस प्रीमियम और देयता) नियम, 2022 को अधिसूचित किया है, जिसके तहत शैक्षणिक संस्थान को बसों के लिए पक्षकार बीमा कवर के लिए प्रीमियम दरों में 15% की छूट, विंटेज कार के रूप में पंजीकृत निजी कार के लिए 50%,

इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 15% और हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 7.5% की छूट की अनुमति दी गई है। यह अधिसूचना 01 जून, 2022 से प्रभावी है।

**5. <u>सड़क दुर्घटनाओ में कमी:</u>** मंत्रालय के परिवहन अनुसंधान स्कंध ने सड़क दुर्घटनाओं पर रिपोर्ट, 2020 जारी की है, जिसके अनुसार 2019 की तुलना में 2020 में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। पिछले वर्ष के औसत की तुलना में कुल दुर्घटनाओं में औसतन 18.46 प्रतिशत की कमी आई है , मारे गए व्यक्तियों की संख्या में 12.84 प्रतिशत की कमी हुई और घायलों की संख्या में 22.84 प्रतिशत की कमी आई है।

**6. <u>एनएचएआई और उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार राज्य सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर:</u>** आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) मनाने के अवसर पर माननीय राज्यमंत्री सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अध्यक्षता में 5-6 मई को, लखनऊ उत्तर प्रदेश में , उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और बिहार के हितधारकों के साथ दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया था। सम्मेलन के दौरान, राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ वृक्षारोपण करने में स्वयं सहायता समूहों को शामिल करने के लिए एनएचएआई और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, उत्तर प्रदेश के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एनएचएआई और अमन इंडिया प्रा. के बीच एक और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों प्रतिष्ठानों ने राजमार्ग निर्माण, पुनर्वास और रखरखाव में उन्नत तकनीकों में पूरी तरह से प्रशिक्षित उच्च कुशल कार्यबल का एक प्रतिभा पूल बनाने के लिए सहयोग किया है।

**7. <u>महाराष्ट्र में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन:</u>** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने 28 मई, 2022 को 1276 टीसीएम जल भंडारण क्षमता वाले अमृत सरोवर अभियान के हिस्से के रूप में महाराष्ट्र के अकोला में 20 पूरी तरह से तैयार अमृत सरोवर राष्ट्र को समर्पित किया। इन जलाशयों से निकाली गई मिट्टी, गाद और अन्य वस्तुओं का उपयोग रारा के काम में किया जाएगा।

**8. <u>चेन्नई में 8 मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क:</u>** भारतमाला परियोजना के हिस्से के रूप में एसएफसी ने 09.05.2022 को आयोजित अपनी बैठक में 1423.50 करोड़ रुपये की कुल लागत से चेन्नई में एक मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और इसकी एक्सटर्नल ट्रंक इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी के विकास को अनुमोदित कर दिया है।

**<u>9. स्थायी वित्त समिति (एसएफसी) की बैठकें</u>** : एसएफसी द्वारा मई, 2022 के महीने में 92.525 किमी लंबाई की और 3579.01 करोड़ रुपये की कुल पूंजीगत लागत की 3 परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया था और अनुमोदन के लिए सिफारिश की गई थी।

*****